पेपर के रेट बढ़ाने पर बिफरा गत्ता संघ

2/2/11

अमर उजाला

बद्दी में एसोसिएशन की बैठक

बद्दी (सोलन)। पेपर मिल गत्ता उद्योग में प्रयोग होने वाले क्राफ्ट पेपर के रेट बढ़ाने पर बीबीएन पैकेजर्स एसोसिएशन ने विरोध किया है। मंगलवार को बद्दी में एसोसिएशन संघ के प्रधान बलदेव कृष्ण गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश जैन ने विशेष तौर पर शिरकत की। अध्यक्ष बलदेव कृष्ण और महासचिव सुरेंद्र जैन ने कहा कि पेपर उद्योग मालिक कुछ दिन के लिए अपनी मिल बंद करके पेपर की कमी दिखाकर रेट को पिछले एक महीने में 4 से 5 रुपये बढ़ा रहे हैं।

जबकि गत्ता उद्योग सिर्फ एक रुपये किलो पर ही कार्य करता है। उन्होंने कहा कि इस समय 3 से 4 रुपये किलो का नुक्सान हो रहा है। सुरेंद्र जैन ने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो कुछ दिनों में यह उद्योग बंद हो जाएंगे। इस समय बद्दी बरोटीवाला नालागढ में 125 से अधिक गत्ता उद्योग स्थापित है तथा पूर्ण हिमाचल में यह उद्योग लगभग 200 से ज्यादा है।

सुरेंद्र जैन ने बताया कि उनकी एक विशेष बैठक काला अंब में 3 फरवरी को हो रही है, जिसमें परवाणू बीबीएन कालाअंब, ऊना, सोलन से पदाधिकारी भाग लेंगे। अगर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ तो उद्योगों की स्थिति ज्यादा गंभीर हो जाएगी, इसमें बैकों के लगभग 100 करोड़ से ज्यादा डूबने की आशंका है। सरकार को इस उद्योग से लगभग 5 करोड़ से ज्यादा वैट भी प्राप्त होता है।